कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा जिला – कोरबा (छ0ग0)

महत्वपूर्ण एवं आवश्यक सूचना

समस्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के अंतर्गत लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा के लिये कार्यालय सहायक/क्लर्क, के रिक्त 2 पद के लिये स्नातक के प्राप्तांक (प्रतिशत) के आधार पर वरियता क्रम में 25 गुणा अर्थात् 50 अभ्यर्थियों को कौशल परीक्षा एवं सह–साक्षात्कार हेतु तथा कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेट) के **रिक्त 2 पद** के लिये कक्षा पांचवी के प्राप्तांक (प्रतिशत) के आधार पर वरियता क्रम में 25 गुणा अर्थात् **50 अभ्यर्थियों** को साक्षात्कार हेतु सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा एवं बेवसाईड **korba.dcourts.gov.in** में इस सूचना सहित अपलोड किया गया है।

कार्यालय सहायक/क्लर्क एवं कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेट) को निम्नानुसार वर्गवार रोल नंबर आबंटित किया गया है :–

क्र0	पदनाम	आबंटित रोल नंबर
01	कार्यालय सहायक/क्लर्क	OAC 001 To OAC 050
02	कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्टेड)	OPMA 001 To OPMA 050

कार्यालय सहायक/क्लर्क की **कौशल परीक्षा (Skill Test) सह साक्षात्कार दिनांक 23.03.2025 दिन रविवार को समय प्रातः 08.00 बजे से स्थान ''कार्यालय जिला न्यायालय परिसर कोरबा जिला – कोरबा** (छ0ग0) में आयोजित किया जाना है। उक्त कौशल परीक्षा सह साक्षात्कार हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र जिला न्यायालय कोरबा की वेबसाईट **korba.dcourts.gov.in** से प्राप्त करेंगे।

कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) की साक्षात्कार दिनांक 22.03.2025 को प्रातः 08.00 बजे से एडीआर भवन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा में आयोजित किया गया है।

आयोजित कौशल परीक्षा (Skill Test) सह–साक्षात्कार में पात्र अभ्यर्थी वेबसाईट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर, सभी कॉलमों की पूर्ति कर, परीक्षा केन्द्र में उपस्थित होंवें साथ ही अभ्यर्थी को मूल दस्तावेज लाना एवं प्रवेश पत्र में उल्लेखित अनुदेशों का पालन किया जाना अनिवार्य है। यदि कोई अभ्यर्थी अर्हता संबंधी मूल दस्तावेज लेकर उपस्थित नहीं होता है या प्रवेश पत्र में उल्लेखित अनुदेशों के पालन में असफल रहता है, अथवा दस्तावेज सत्यापन के दौरान अपात्र पाया जाता है, तो उसे कौशल परीक्षा (Skill Test) एवं साक्षात्कार में बैठने की अनुमति नहीं दी जावेगी।

उपरोक्तानुसार कार्यालय सहायक/क्लर्क के कौशल परीक्षा (Skill Test) एवं सह–साक्षात्कार तथा कार्यालय भृत्य (मुंशी/अटेन्डेंट) के साक्षात्कार परीक्षा के संबंध में प्रत्येक अभ्यर्थी को आबंटित रोल नंबर की सूची कार्यालय के नोटिस बोर्ड में चस्पा एवं वेबसाईट **https://korba.dcourts.gov.in** में अपलोड किया गया है।

अध्यक्ष
चयन समिति/
कार्या0 जिला विधिक सेवा
प्राधिकरण कोरबा (छ0ग0)